Title: Need to construct a permanent bridge on river Ghaghra at Kamhariya Ghat in Sant Kabir Nagar Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh-laid.

श्री भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी (संत कबीर नगर): घाघरा नदी पर कम्हरिया-घाट जो हमारे संसदीय क्षेत्र में पड़ता है। नदी के आर-पार जाने के लिए वहां की जनता को इसी घाट पर से पार होकर आना जाना पड़ता है। मुझे यह अत्यंत दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि आजादी के 62 साल बाद भी आज तक वहां एक स्थायी पुल का निर्माण नहीं हो सका।

महोदया जी, यह घाट गोरखपुर से इलाहाबाद को जोड़ता है। अगर यहां पर एक स्थायी पुल का निर्माण हो जाये तो गोरखपुर से इलाहाबाद के लिए 70 किलोमीटर की दूरी कम हो जायेगी, जिससे काफी वाहन ईंधन की बचत भी होगी। महोदया जी, इस घाट के ऊपर एक पीपे का अस्थाई पुल है जो जून से दिसम्बर तक बंद रहता है तथा वहां के निवासियों को नाव के द्वारा इस अवधि में नदी पार करनी पड़ती है, जिससे कई बार दुर्घटनाएं हो चुकी हैं तथा काफी जान-माल का नुकसान प्रतिवर्ष होता है।

अतः आपसे आग्रह है कि यहां एक स्थायी पुल का निर्माण कराया जाये, जिससे कि यहां के लोगों को सुविधा हो सके।